प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 20.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. धनबाद में एक हजार एक सौ तीस करोड़ 54 लाख़ रुपये की लागत से बनेंगे दो सिक्स–लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी मंजूरी।
2. कोडरमा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 8वें वेतन आयोग को कर्मचारियों के लिए बताया बड़ी राहत, कहा–समावेशी विकास को ध्यान में रखकर केंद्रीय बजट तैयार किया जाएगा।
3. देवघर किसान मेले में जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने 18 करोड़ 51 लाख रुपये के चेक, पंपसेट और कृषि यंत्र किए वितरित, कहा–किसानों को कोल्ड स्टोरेज और सोलर सिंचाई सुविधाएं राज्य सरकार देगी।

   और
4. रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग में आज जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से।

******************

धनबाद के निरसा–गोविंदपुर क्षेत्र में एनएच–19 पर एक हजार एक सौ तीस करोड़ 54 लाख़ रुपये की लागत से दो सिक्स–लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर और फुटपाथ पुनर्निर्माण को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंजूरी दी। यह परियोजना झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ेगी और भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर इसे कोयलांचल के लिए बड़ी उपलब्धि बताया और केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया।

******************

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आठवें वेतन आयोग को मंजूरी मिलने से 50 लाख कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 20 से 30 प्रतिशत वेतन और पेंशन बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। कोडरमा में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इसे कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत बताया और कहा कि समावेशी विकास को ध्यान में रखकर केंद्रीय बजट तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार भी सभी वर्गों को फायदा पहुंचाने वाला बजट पेश किया जाएगा।

******************

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस तथा मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी अमृत स्नान को देखते हुए प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और संचार व्यवस्था सुदृढ करने का निर्देश दिया है।

******************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने सदस्यों का प्रोफाइल अद्यतन करने की ऑनलाइन प्रक्रिया आसान कर दी है। आधार से अभिप्रमाणित खाता संख्या वाले सदस्य अपनी संबंधित जानकारी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए अब दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी।

******************

रांची विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के दो सौ निन्यानबे पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। आज 25 पदों के लिए एक सौ पच्चीस अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया है, जिनमें इकोनॉमिक्स, कुरमाली, कुडुख, मुंडारी और पंचपरगनिया शामिल हैं। 22 जनवरी को जूलॉजी, भूगोल, होम साइंस और फिलॉस्फी के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होंगे।

******************

देवघर जिले में आयोजित किसान मेले में जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने जैविक खाद और खेती को व्यापार में बदलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को कोल्ड स्टोरेज के लिए अनुदान और सोलर

बेस सिंचाई सुविधा राज्य सरकार देगी। मौके पर मंत्री ने 18 करोड़ 51 लाख रुपये का चेक, पंपसेट और कृषि यंत्र वितरित किया। इसके साथ ही मेले में 120 किसानों को पुरस्कृत किया गया और कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अफ़ीम की खेती को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान चला रखा है।

******************

कुआलालंपुर में आईसीसी अंडर 19 महिला क्रिकेट ट्वेंटी–ट्वेंटी विश्व कप में भारत ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए वेस्टइंडीज ने 44 रन बनाए। 45 रन का लक्ष्य भारत ने सिर्फ चार ओवर और दो गेंद में हासिल कर लिया। प्रतियोगिता में भारत अब दो अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है।

******************

महिला हॉकी इंडिया लीग में आज जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा। यह मुकाबला रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में शाम 6 बजे शुरू होगा। पुरुष वर्ग में, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब से होगा। यह मैच रात सवा आठ बजे से शुरू होगा।

******************

<u>अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- पाकुड के हिरनपुर में पुलिस ने छापेमारी कर चोरी का कोयला और पांच मोटरसाइकिल बरामद किया है। थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर रामपुर में अवैध तरीके से भंडारण किये गए पांच ट्रैक्टर कोयला को भी जब्त किया गया है।
- लातेहार जिले के बालूमाथ के बरनी गांव में दो हाइवा की टक्कर में एक चालक की मौत हो गई, जबकि दूसरा चालक घायल हो गया। मृतक की पहचान हजारीबाग निवासी मोहम्मद सोहैल आलम के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।
- देवघर में आठ साल बाद एक बार फिर से बैद्यनाथ महोत्सव का आयोजन होगा। यह आयोजन जिला पर्यटन विभाग की ओर से किया जायेगा। पर्यटन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि इसके लिए जिला स्तर से भी स्वीकृति मिल गयी है। कार्यक्रम के लिए छह से लेकर आठ मार्च तक की तिथि तय की गयी है।

******************